21. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं, जो एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। मुहावरे अपने शाब्दिक अर्थ के स्थान पर विशेष अर्थ प्रकट करते हैं। लोकोक्ति लोक में प्रचलित उक्ति या कथन होते हैं। लोकोक्ति लोक अनुभव पर आधारित होती है।

शिक्षण-संकेत

❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से मुहावरों के बारे में पूछें।

❖ पृष्ठ 162 पर दिए गए वार्तालाप में आए रंगीन मुहावरों पर छात्रों का ध्यान दिलाएँ।

❖ पूछें, वे अकसर किन-किन मुहावरों का प्रयोग अपनी बातचीत में करते हैं।

❖ मुहावरे की परिभाषा याद करवाकर सुनें।

❖ पाठ पृष्ठ 162-165 पर दिए मुहावरों, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग छात्रों से पढ़वाएँ।

❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।

❖ छात्रों को लोकोक्ति के बारे में समझाएँ। लोकोक्ति की विशेषताओं से परिचित करवाएँ।

❖ पाठ पृष्ठ 165-166 पर दी गई लोकोक्तियाँ, अर्थ एवं उनके वाक्य प्रयोग छात्रों से पढ़वाएँ।

❖ छात्रों से कुछ अन्य लोकोक्तियाँ पूछें जो वे अपनी बातचीत में प्रयोग में लाते हैं।

❖ छात्रों द्वारा किए अभ्यास जाँचें।